Live हिन्दुस्तान .com

दिल्ली में खपाने जा रहे नकली नोट के साथ दो गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,गाज़ियाबाद

Last updated: Thu, 22 Mar 2018 07:19 PM

1 / 2बांग्लादेश के रास्ते भारत में भेजे गए नकली नोटों की खेप को दिल्ली-एनसीआर में पहुंचाने वाले दो लोगों को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो लाख रुपये के नकली नोट बरामद हुए हैं। बरामद...

बांग्लादेश के रास्ते भारत में भेजे गए नकली नोटों की खेप को दिल्ली-एनसीआर में पहुंचाने वाले दो लोगों को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो लाख रुपये के नकली नोट बरामद हुए हैं। बरामद सभी नोट दो हजार के हैं। गिरफ्तार आरोपियों से विभिन्न सुरक्षा एजिंसियों ने घंटों पूछताछ की है।

गाजियाबाद के एसएसपी वैभव कृष्ण ने बताया कि विजयनगर पुलिस ने एबीएस कॉलेज तिराहा के पास से गुरुवार सुबह चेकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपी उजीर और मेराज दोनों मालदा के रहने वाले है। आरोपियों से दो लाख रुपये के नकली नोट और करीब एक हजार रुपये बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उजीर को मालदा में कुछ लोग नकली नोट देकर गाजियाबाद भेजते हैं। यहां आकर वह मेराज को नोटों की खेप दे देता था, जिसे वह दिल्ली में बताए गए व्यक्ति के पास पहुंचा देता है।

एसएसपी ने बताया कि नकली नोट बांग्लादेश से भारत में भेजे जा रहे थे। आरोपी नकली नोटों की कई खेप अब तक दिल्ली-एनसीआर में खपा चुके हैं। नकली नोट पहुंचाने के बदले आरोपियों को 10 प्रतिशत कमीशन दिया जाता था। आइबी, एटीएस और एलआइयू की टीमों ने भी आरोपियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई है।

Source: https://www.livehindustan.com/ncr/ghaziabad/story-fake-currency-of-two-lakh-recovered-two-arrested-1864058.html